# संभावना:देश की आर्थिक वृद्धि दर 7.5 फीसदी रहेगी

23/06/2022

- **ब्रिक्स बिजनेस फोरम में पीएम मोदी का संबोधन**
- **1500 अरब डॉलर के निवेश के अवसर**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि सरकार को इस साल भारतीय अर्थव्यवस्था के 7.5 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

मोदी ने ब्रिक्स बिजनेस फोरम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय डिजिटल अर्थव्यवस्था का आकार 2025 तक 1000 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा। देश में राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा पाइपलाइन के तहत 1500 अरब डॉलर के निवेश के अवसर हैं। हम इस साल वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद कर रहे हैं, जो हमें सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनाएगी। उन्होंने कहा कि नए भारत में हर क्षेत्र में रूपांतरकारी बदलाव हो रहे हैं, और देश के आर्थिक सुधार का एक प्रमुख स्तंभ प्रौद्योगिकी आधारित वृद्धि है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम हर क्षेत्र में नवाचार का समर्थन कर रहे हैं। ब्रिक्स बिजनेस फोरम का आयोजन पांच देशों के समूह के शिखर सम्मेलन से एक दिन पहले हुआ। ब्रिक्स दुनिया के पांच सबसे बड़े विकासशील देशों- ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका को एक मंच पर लाता है।

**सुधार को मंत्र बनाया**